an>

Title: Regarding construction of bridge road of Meerut.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): आदरणीय सभापति जी, मेरठ के दो महत्वपूर्ण मार्गों
रेलवे रोड तथा बागपत रोड को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग का निर्माण मेरठ महानग
में यातायात के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए अत्यंत उपयोगी तथा आवश्य
है। उपरोक्त सम्पर्क मार्ग के निर्माण से मेरठ महानगर में, जहां यातायात की स्थि
में सुधार होगा, वहीं इन सड़कों के निकटवर्ती क्षेत्र में निर्मित लगभग 40 बसावटों
नागरिकों, विशेषकर स्कूली बच्चों को जाम से मुक्ति मिल जाएगी तथा उन
आवागमन में समय की अत्यधिक बचत होगी। इस संबध में प्राधिकरण अभियंता
द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर (वेस्ट), सब-एरिया मेरठ कैण्ट से प्राप्त किए गए सर्वे मानचि
के अनुसार इस स्थान पर सेना की अवशेष रिक्त भूमि उपलब्ध है, जिसकी न्यूनत
चौड़ाई 20 मीटर है। यदि रक्षा विभाग अपनी उक्त 20 मीटर चौड़ाई वाली भूमि में
12 मीटर चौड़ी भूमि सन्दर्भित सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु उपलब्ध करा दे तो मेर
विकास प्राधिकरण रेलवे रोड को बागपत रोड से जोड़ने वाले इस मार्ग का निर्मा
करा सकता है। इस संबंध में मैं पहले भी अनुरोध कर चुका हूं तथा मेरठ
जिलाधिकारी एवं आयुक्त महोदय द्वारा भी संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखे
चुके हैं। मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा भी अपेक्षित प्रपत्र पर प्रार्थना की जा चुकी है
मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरठ के रेलवे रोड तथा बागप
रोड को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराने के लिए संबंधि
अधिकारियों को निर्देश देने का कष्ट करें। सभापति जी, आपने मुझे बोलने
लिए अवसर दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं।